दैनिक भास्कर 25/02/2026

एजुकेशन प्लस

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम प्रारंभ



अंबाला। अंबाला छावनी स्थित गांधी मेमोरियल नेशनल (जी.एम.एन.) कॉलेज ने सत्र 2026–27 से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (ITEP) प्रारंभ करने की औपचारिक घोषणा की है। महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को सूचित किया गया है कि इस कार्यक्रम में प्रवेश हेतु नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। छात्र प्रवेश परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए अभ्यर्थी www.nta.ac.; https://exams.nta.ac.in/NCET आधिकारिक वेबसाइट्स पर विजिट करें। परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य 12वीं के बाद शिक्षक के रूप में करियर बनाने वाले विद्यार्थियों को एक समग्र, गुणवत्तापूर्ण एवं भविष्य उन्मुख शिक्षा प्रदान करना है। चार वर्षीय यह पाठ्यक्रम विषय-विशेष ज्ञान, आधुनिक शिक्षण कौशल, विद्यालयी इंटर्नशिप, अनुभवात्मक अधिगम, संप्रेषण कौशल विकास तथा डिजिटल एवं समावेशी शिक्षा जैसे समकालीन आयामों को एकीकृत रूप में प्रस्तुत करेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि ITEP की शुरुआत क्षेत्र में शिक्षक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को विद्यालयी शिक्षा की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित किया जा सके। प्रवेश के लिए 10+2 में न्यूनतम 50% अंक अनिवार्य हैं। पात्र अभ्यर्थियों को NTA की प्रवेश परीक्षा में सफल होना होगा। महाविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया है कि ITEP कार्यक्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कॉलेज परिसर स्थित प्रवेश कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।